प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

सुखविंद्र सिंह

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि हर व्यक्ति को समय पर और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल टांडा और अटल सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाना में अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी मशीनें स्थापित की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीघ्र ही हमीरपुर और आई जी एम सी शिमला में भी रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इस बीच मुख्यमंत्री आज आई जी एम सी शिमला में प्रदेश डेंटल कॉलेज व अस्पताल द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज सांस्कृतिक व स्पोर्टस फेस्ट में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

किरेन रिजिजू

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले व संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू आज किन्नौर जिले के पूह व ज्ञाबुंग में खेल स्टेडियम को शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा वे पूह में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। बाद में किरेन रिजिजू नाको के ऐतिहासिक बौद्ध मठ का दौरा करेंगे। उनका आज लाहुल स्पीति जाने का भी कार्यक्रम है। इससे पूर्व कल शाम को कल्पा पहुंचने पर उनका जिला प्रशासन सहित भाजपा कार्यकर्त्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और प्रशासनिक अधिकारियों से केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में स्कूली पाठ्यक्रम में नशे के प्रति जागरूकता पर आधारित अध्याय शामिल किया जाएगा। वे शिमला में मादक पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के विरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल कर्मचारियों के विरूद्ध राज्य सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने मादक पदार्थों के दुरूपयोग और तस्करी के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है और इसमें शामिल लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

नितिन गडकरी

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दोपहिया वाहनों पर टोल टैक्स लगाने संबंधी मीडिया रिपोर्टों को खारिज कर दिया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। गडकरी ने कहा कि दोपाहिया वाहनों के लिए टोल पर पूरी छूट जारी रहेगी।

विद्या नेगी

राज्य महिला आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष विद्या नेगी ने कहा है कि बीते ढाई साल से लगभग 15 सौ मामले आयोग में लंबित पड़े हैं जिन्हें पूरा करना उनकी प्रमुख प्राथमिकता रहेगी। शिमला में अपना पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि सभी मामले निपटाने के लिए दोगुनी गति से काम किया जाएगा।

सुर्खिया समाचार पत्रों से

आज समाचार पत्रों ने बाढ़ से हुए नुक्सान की खबर को प्रमुखता दी है। दैनिक भास्कर के शब्द हैं धर्मशाला में बहे 5 लोगों के शव मिले, रेस्क्यू जारी, 30 जून तक भारी बारिश के आसार। पंजाब केसरी ने लिखा है 5 शव मिले, एक सुरक्षित रैस्क्यू, सैंज व धर्मशाला में अभी 11 लापता। अमर उजाला के अनुसार खनियारा में तीन और शव मिले, तीन का सुराग नहीं, युवक को किया रेस्क्यू।

दिव्य हिमाचल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है स्कूलों में ड्रग्स पर पढ़ाया जाएगा पाठ। हिमाचल दस्तक के अनुसार स्कूली पाठयक्रम में शामिल होगा नशा जागरूकता अध्याय।